हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 4 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 21.9 डिग्री

10 मूसलाधार बरसात से सड़कें बनीं समंदर


10 स्वच्छता अभियान-2025 : पीएमडीए


## भारी बारिश से नदियां उफान पर: अंबाला में टांगरी नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद एनडीआरएफ बुलाई

# मारकंडा और बेगना नदी में पानी खतरे के निशान से पार, आसपास गांवों में हाई अलर्ट

*शाहबाद में मारकंडा नदी में 32243 क्यूसिक पानी बह रहा है। यह खतरे के निशान से अधिक है। बढ़ते संकट को देखते हुए प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए पट्टी जामड़ा के सभी परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया है। प्रशासन का कहना है की आज और बढ़ सकता है जलस्तर।*

### तंगौर, कठवा और कलसाना गांव में घुसा नदी का पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मारकंडा नदी के बढ़ते जलस्तर ने शाहाबाद क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। हिमाचल के काला अब और नाहन की पहाड़ियों पर लगातार बारिश हो रही है, जिससे नदी में पानी का बहाव लगातार तेज होता जा रहा है। शाहबाद में मारकंडा नदी में 32243 क्यूसिक पानी बह रहा है। यह खतरे के निशान से अधिक है। बढ़ते संकट को देखते हुए प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए पट्टी जामड़ा के सभी परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया है। कुछ परिवार अब मारकंडा मंदिर परिसर के शेडों में शरण लिए हुए हैं, जबकि कुछ अपने रिश्तेदारों के घरों में शिफ्ट हो गए हैं। वहीं, तंगौर, कठवा और कलसाना गांव में भी पानी ने घरों में दस्तक दे दी है। इन गांवों के अलावा दर्जनों जगह खेतों और सड़कों पर बाढ़ का पानी पसरा हुआ है। ऋषि मारकंडा संस्था और प्राचीन शिव मंदिर सभा पीड़ति परिवारों की हरसंभव मदद के लिए राहत सामग्री और भोजन पहुंचा रही हैं। डीसी कुरुक्षेत्र विश्राम मीणा और एसडीएम डॉ. चिनार चहल हालातों पर खुद नजर रखे हुए हैं।



कुरुक्षेत्र। शाहबाद में लोगों की मदद करती एसडीआरएफ की टीम।



अंबाला। मारकंडा नदी में जलस्तर का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### मारकंडा नदी में उफान, 49 हजार क्यूसिक पानी दर्ज

**मुलाना।** पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश से मारकंडा नदी कई दिनों से उफान पर है। इसके साथ ही बेगना नदी के उफान पर होने से समस्या ज्यादा बढ़ जाती है। विभाग अलर्ट मोड़ पर सतर्क है। बेगना नदी के उफान पर आने से गोला गांव फिर जलमग्न हो गया। बेगना नदी में इस सीजन का सर्वाधिक पानी करीब 33 हजार क्यूसिक दर्ज किया गया है। जोकि रिकार्ड जलस्तर है। मारकंडा नदी का जलस्तर भी खतरे के निशान 10 फीट पर करीब 49000 क्यूसिक पर बह रहा है। पानी इतना है कि दोनों नदियों का पानी ओवरफ्लो होकर खेतों से होते हुए बह रहा है। जिसके चलते किसानों को भी काफी परेशानी और नुक्सान का सामना करना पड़ रहा है।

### टांगरी नदी में बढ़े जलस्तर के बाद एनडीआरएफ बुलाई

**अंबाला।** परिवहन मंत्री विज ने अंबाला छावनी में अत्याधिक वर्षा और टांगरी नदी में आए पानी को लेकर कहा कि हमने पूरे प्रशासन को अलर्ट किया है। छावनी के एसडीएम, नगर परिषद के ईओ व अन्य अधिकारियों ने सारी छावनी का दौरा किया है। लगातार बरसात आने से अक्सर पुलियो के नीचे गंदगी फंस जाती है जिसे ठीक किया जा रहा है। हमारे सभी नप सदस्य व भाजपा पार्टी पदाधिकारी सुबह छह बजे से ही टोलियां बनाकर अपने-अपने वार्डों में स्थिति का जायजा ले रहे हैं। व पानी निकासी का कार्य कर रहे हैं। विज ने बताया कि टांगरी नदी में और पानी आने की जानकारी मिली है जिसको लेकर एनडीआरएफ बुला ली गई है। उपायुक्त को सेना से बात कर उन्हें अलर्ट पर रहने को कहा गया है। उहमने पहले टांगरी नदी पर आठ किमी लंबा पक्का बांध बनाकर दिया जिससे छावनी को सुरक्षा मिली है।

## बेगना नदी के आसपास बसे गांवों में अलर्ट

■ बरसाती नदियों में भी जलस्तर बढ़ा, ग्रामीणों को नदियों के पास नहीं जाने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



दो दिनों से हो रही भारी बरसात की वजह से बरसाती नदी बेगना में पानी खतरे के निशान को पार गया है। इसी वजह से अब नदी के आसपास बसे गांवों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। लोगों को नदी के आसपास न जाने की सलाह दी गई है। एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए नागरिक सावधानी रखें। उन्होंने कहा कि यहां होकर गुजरने वाली विभिन्न नदियों के किनारे बसे गांव एवं ग्रामीण नदी के पानी के बहाव को लेकर सचेत रहें। उन्होंने नागरिकों से अपील कर उन्हें घर के अंदर ही रहने की बात कही है। सिंचाई विभाग, ग्राम सचिवों और पटवारियों को निर्देश दिए कि वे नदियों में जलस्तर पर नजर रखें और ग्रामीणों को जागरूक करें कि वे नदियों के आस-पास न जाएं। पीडब्ल्यूडी विभाग को भी सडक़ों, पुलों एवं सार्वजनिक भवनों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भूमि कटाव या पुलों को खतरे की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। खंड शिक्षा अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि पुराने भवनों वाले स्कूलों पर विशेष ध्यान रखें। बच्चों को पुराने हो चुके कमरों के आसपास न जाने दें। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिले सभी सरकारी व निजी स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, आईटीआई कॉलेज 4 सितंबर तक बंद ररहेंगे।

## बरसात में कच्ची छत ढहने से व्यक्ति की मौत



**यमुनानगर।** जिले में हो रही बारिश के बीच बुधवार को गांव बैंडी में एक घर की कच्ची छत ढह गई। जिसके मलबे में दबने से 45 वर्षीय मान सिंह की मौत हो गई। हादसे में मृतक की पत्नी व तीन बच्चों को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। मान सिंह मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। वह पत्नी व तीन बच्चों के साथ रह रहा था। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में काफी बारिश होने से मान सिंह के घर की नींव कमजोर हो गई। सुबह करीब सात बजे मकान के आसपास पानी भरने से नींव जमीन में धंस गई और मकान की कच्ची छत ढह गई। इस दौरान मान सिंह और उसकी पत्नी व बच्चे घर पर ही थे। सभी टूटी छत के मलबे की चपेट में आ गए। लोहे का गार्डर मान सिंह के सिर पर गिरा। छत की सारी कडियां और मिट्टी ढह गई और पूरा परिवार नीचे दब गया। ग्रामीणों ने तुरंत मलबे में दबे परिवार को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने मान सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल पत्नी व बच्चों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही रादौर थाना प्रभारी राजपाल ने घटनास्थल पर जायजा लिया।

## मुलाना: बाड़े की छत ढही, 95 भेड़ों की मौत

**मुलाना।** यहां के धनौरा गांव में भारी बारिश ने भेड़ पालक परिवार की रोजी-रोटी पर गहरी चोट कर दी। लगातार हो रही बारिश के चलते मंगलवार देर रात एक पुराने घर की कच्ची छत अचानक ढह गई। छत के मलबे के नीचे दबने से करीब 95 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गईं। भेड़ पालक दर्शन और गुरमीत ने बताया कि बारिश के चलते उन्होंने



अपनी करीब 100 भेड़ों को पुराने घर में बांध दिया था। लेकिन लगातार पानी गिरने से कच्ची छत बोझ सहन नहीं कर पाई और भर भराकर गिर गई। जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो लगभग सभी भेड़ें मलबे में दब चुकी थीं। इस दर्दनाक हादसे में करीब 95 भेड़ों की मौत हो गई जिससे परिवार को लाखों रुपये का भारी नुकसान हुआ है। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम सतिंद्र सिवाच और बीडीपीओ सुशील मौके पर पहुंचे। हालात का जायजा लिया।

## कच्चे मकान की छत गिरी, 2 भाइयों की मौत, 4 घायल

■ बारिश से छत और दीवारें कमजोर हो गई थीं, अचानक छत भरभराकर गिर गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र/शाहबाद

बुधवार सुबह 6 बजे शाहबाद की अमर विहार कॉलोनी में एक कच्चे मकान की छत गिरने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मारे गए दोनों भाई उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ के रहने वाले थे, वे काम की तलाश में शाहबाद आए थे। जिस वक्त हादसा हुआ उस समय मकान में सात लोग



शाहबाद। अमर विहार कॉलोनी में मकान का मलबा।

सो रहे थे। हादसे से कुछ ही समय पहले एक व्यक्ति उठकर बाहर चला गया था, जिससे उसकी जान बच गई। बाकी छह लोग मलबे में दब गए। आसपास के लोगों ने तुरंत घायलों को शाहबाद के सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया। मृतकों की पहचान करीब 36 वर्षीय संदीप कुमार और करीब 20 वर्षीय मंजीत निवासी उत्तर प्रदेश के भादरी, गांव बुदेहपुर प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक व घायल परिवार शाहाबाद अनाज मंडी रोड स्थित डेरे के पास 8 दिन पहले काम की तलाश में आया था। जिस कच्चे मकान में वे रह रहे थे, उसकी छत लकड़ी की कड़ियो और तिरपाल से ढकी हुई थी।

### नशा तस्कर को तीन साल कैद व जुर्माना

**पानीपत।** एएसजे योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ तस्कर ज्वाला सिंह पुत्र मान सिंह निवासी गांव मतरौली जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। एएसजे चौधरी ने ज्वाला सिंह पर 25 हजार रुपये जुर्माना किया, नहीं देने पर मादक पदार्थ तस्कर को को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। ज्वाला सिंह को मादक पदार्थ गांजा के साथ पानीपत पुलिस ने एक जनवरी 2020 को गिरफ्तार किया था।



तरावड़ी। सरकारी गेहूं के रिकॉर्ड को चेक करती सीएम फ्लाइंग की टीम।

## तरावड़ी में गेहूं खराब पर सीएम फ्लाइंग ने मारा छापा

■ गेहूं को बारिश से बचाने के लिए न तो तिरपाल का इंतजाम किया गया और न ही दवा डाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

तरावड़ी में सरकार द्वारा खरीदे गए गेहूं का स्टॉक भारी मात्रा में खराब हो गया है। बताया जा रहा है कि बारिश से बचने के लिए ना तो तिरपाल का इंतजाम किया गया और ना ही गेहूं को खराब होने से बचने के लिए दवाई का। इसके बाद एफसीआई ने भी गेहूं के 6000 कट्टे लेने से इनकार कर दिया। उसके बाद सरकार हरकत में आई। पिछले तीन दिनों से सीएम फ्लाइंग की टीम डीएसपी सुशील कुमार के नेतृत्व में तरावड़ी में अलग अलग स्थानों में छापा मार रही है। बताया जा रहा है जिस एजेंसी को गेहूं संभालने की जिम्मेदारी दी गई थी। उसके द्वारा रखरखाव ठीक नहीं किया गया। जिससे सरकारी गेंहू बर्बाद हो गया। बताया जा रहा है कि सीएम फ्लाइंग की टीम 2024 -25 और 2025-26 में खरीदी गई गेहूं के स्टॉक को चेक करने पहुंची है। यह गेहूं कई स्थानों पर रखी गई है। बताया जा रहा है की अगले दो दिनों में सीएम फ्लाइंग का यह चेकिंग अभियान चल सकता है। आज सीएम फ्लाइंग के करीब एक दर्जन अधिकारी लल्यानी रोड स्थित एक मिल में पहुंचे। जहां सरकार द्वारा खरीदा गया गेहूं रखा गया था। डीएसपी सुशील कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में बताया टीम इस बात की जांच कर रही है की सरकार द्वारा कितने गेहूं के बैग खरीद कर यहां रखे गए थे और कितने खराब हो गए हैं। डीएसपी सुशील कुमार ने यह भी खुलासा किया की समय पर गेहूं पर तरपाल ना ढकने से गेहूं खराब हो गई है। इसके अलावा गेहूं को बचाने के लिए जो दवाई का प्रयोग किया जाता है। एफसीआई द्वारा 6000 बैग वापस लेने को लेकर उन्होंने कहा कि उस गेहूं में नमी की मात्रा थी इसलिए एफसीआई ने 6000 गेहूं के कट्टे लेने से मना कर दिया।

**ज्ञापन** हरियाणा ओलंपिक संघ ने स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के चेयरमैन को सौंपा मांगपत्र

## खिलाड़ियों को आयु सीमा में छूट, खेल कोटे की रिक्तियों को भरने और पैरा खिलाड़ियों के साथ समानता सुनिश्चित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा ओलंपिक संघ का प्रतिनिधि मंडल खिलाड़ियों की मांगों को लेकर हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के चेयरमैन हिम्मत सिंह से उनके कार्यालय में मिला। इस दौरान संघ के प्रतिनिधि मंडल ने चेयरमैन को मांगपत्र सौंपकर खिलाड़ियों को आयु सीमा में छूट देने, लंबित खेल कोटे की रिक्तियों को भरने और पैरा खिलाड़ियों के साथ समानता सुनिश्चित करने की मांग की।

हरियाणा ओलंपिक संघ के कार्यकारी सदस्य यमुनानगर



यमुनानगर। हरियाणा ओलंपिक संघ का प्रतिनिधि मंडल हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के चेयरमैन को मांगपत्र सौंपते हुए।

निवासी एडवोकेट रोहित पुंडीर ने बताया कि संघ द्वारा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग से मांगपत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि वह खेल कोटे के अंतर्गत भर्ती से जुड़ी लंबे समय से लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान करें। पुंडीर ने बताया कि खिलाड़ियों को आयु सीमा में छूट दी जाए।

कई ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने पूर्व में विज्ञापनों के तहत आवेदन किया था। अब भर्ती में देरी के कारण आयु सीमा से बाहर हो रहे हैं। ऐसे खिलाड़ियों को विशेष आयु छूट दी जाए ताकि वास्तविक खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों से वंचित न होना पड़े। इसके साथ ही मांग की गई कि खेल कोटे के अंतर्गत सभी विभागों में लंबित भर्तियों को समेकित कर जल्द से जल्द नया विज्ञापन जारी किया जाए और भर्ती प्रक्रिया पूरी की जाए।

हरियाणा ओलंपिक संघ अध्यक्ष कैप्टन जसविंद्र मीनू बेनीवाल ने कहा लंबे समय से हो रही देरी के कारण अनेक खिलाड़ियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। मुख्यधारा और पैरा खिलाड़ियों दोनों के अधिकारों की रक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कदम उठाना आवश्यक है। मौके पर नीरज तंवर, अनिल खत्री, राकेश सिंह, सुनील रंगा, कपिल अत्तरेजा, अमर सिंह, भूपेंद्र चौहान और चिन्मय गर्ग आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### अंबाला में शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिले में भारी वर्षा के चलते जलभराव इत्यादि के कारण किसी भी प्रकार के जानमाल की हानि न हो इसके तहत एक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के तहत उपायुक्त ने बताया कि बीते दो दिनों से जिला में लगातार बारिश हो रही है। भारी वर्षा को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों के साथ-साथ आंगनवाड़ी, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), कॉलेज, स्पोर्टस स्टेडियम 4 सितंबर 2025 तक बंद करने के निर्देश दिए गए है।

### कुविः 8 शोधार्थी पीएचडी की उपाधि के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुवि के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 8 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि पीएचडी डिग्री के लिए पात्र घोषित किए गए शोधार्थियों में कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग से सारिका, फिलॉसफी से जयविन्दर, बायोटेक्नोलॉजी से नैंसी व मोनिया, जूलॉजी से पारूल व अंजलि, कम्प्यूटर साइंस से परमिंदर कौर व मनोविज्ञान से ज्योत्सना त्यागी शामिल हैं।

### पानीपत में शराब तस्करी में 3 पकड़े

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने रहीमुद्दीन पुत्र कुर्बान निवासी अतखुरिया उत्तर दीनाजपुर वेस्ट बंगाल हाल निवासी किरायेदार शास्त्री कॉलोनी को, थाना तहसील कैंप पुलिस टीम ने दीनानाथ कॉलोनी में वर्मा चौक वाली गली में न्यू भगत नगर तहसील कैंप निवासी गुरविंद्र को और समालखा चौकी पुलिस टीम ने समालखा की राजस्थान कॉलोनी निवासी रदीश को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया और तीनों पर संबंधित थाना में एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### चोरी के 20 लाख कंबल खरीदने वाला पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के गांव नूरपुर मुगलान स्थित फैक्टरी से चोरी किया सामान (कंबल) खरीदने वाले आरोपी गांव नबादिया कसाब बरेली यूपी हाल खटीक बस्ती निवासी नवी हसन को गिरफ्तार किया है। वहीं, सीआईए श्री प्रभारी विजय ने बताया कि फैक्टरी से कंबल चोरी करने वाले आरोपी सुरवाइजर यूपी के बुलंदशहर जिले के जुलेपुरा गांव निवासी रविंद्र को गिरफ्तार किया था। रविंद्र ने नवी हसन को चोरी के कंबल 20 लाख में बेचकर 13 लाख रूपए नगद लिए थे और बाकी पैसों उधार की थी।

### नशा तस्कर से 21.400 किलो गांजा बरामद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में अभिमन्यु कुमार व मुकेश कुमार वासीयान मरतिपुर जिला अरिया बिहार को काबू करके 21.400 किलो गांजा बरामद करने में सफलता हासिल की है।



### पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजा राशन सामग्री

**रादौर।** पंजाब में आई भयंकर बाढ़ को लेकर गांव कांजनू के लोग बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए हैं। महिला सरपंच रिंपी कांबोज व सरपंच प्रतिनिधि सचिन कांबोज के नेतृत्व में बाढ़ पीड़ितों के लिए राशन सामग्री भेजी गई।

**खबर संक्षेप**



लाडवा। रोटरी क्लब लाडवा के प्रधान संजीव जिंदल को सम्मानित करते हुए।

## रोटरी क्लब लाडवा के प्रधान संजीव जिंदल हुए सम्मानित

**लाडवा।** शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामजिक संस्था रोटरी क्लब लाडवा के प्रधान संजीव जिंदल को सम्मानित किया गया। क्लब के सदस्यता वृद्धि चेयरमैन राकेश खुराना ने जानकारी देते हुए बताया कि देहरादून में रोटरी मंडल 3080 के मंडलाध्यक्ष रवि प्रकाश द्वारा आयोजित मंडल सदस्यता वृद्धि कार्यक्रम विस्तार में रोटरी क्लब लाड़वा के प्रधान संजीव जिंदल को क्लब में नये सदस्यों को जोड़ने के लिए सम्मानित किया गया। गौरतलब हैं कि संजीव जिंदल का कार्यकाल 1 जुलाई से प्रारम्भ हुआ और 2 महीने में उनके द्वारा क्लब में कई नये सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराई गयी जिसके चलते उन्हें मंडलाध्यक्ष रवि प्रकाश द्वारा सम्मानित किया गया व रोटरी इंटरनेशनल डायरेक्टर के पी नागेश द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

### जिला उपायुक्त ने की बाढ़ राहत प्रबंध कार्यों की समीक्षा

# बरसाती पानी को पंप सेट से निकाले जाने के आदेश

उपायुक्त ने कहा कि बरसाती पानी के कारण किसी भी व्यक्ति को मूलभूत सुविधा की कमी न आए और न ही कोई जान माल की हानि हो इसका विशेष ध्यान रखें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला उपायुक्त ने सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान बाढ़ राहत प्रबंध कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को बरसात का जमा पानी पंप सेट से निकालने के आदेश दिए गए। इसके साथ ही बाढ़ से हुए भूमि कटाव व टूटी सड़कों को जल्द ठीक करने के निर्देश भी दिए गए।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि बरसाती पानी के कारण किसी भी व्यक्ति को मूलभूत सुविधा की कमी न आए और न ही कोई जान माल की हानि हों इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि इस स्थिति से निपटने के लिए यदि किसी भी विभाग को कोई भी जरूरत है तो उसकी तुरंत जानकारी दें। उन्होंने कहा कि हमारा सबसे पहला फर्ज है कि हम इस संकट की घड़ी में एकजुट होकर काम करें। उन्होंने सिंचाई विभाग, नगर निगम, खाद्य आपूर्ति विभाग और संबंधित एसडीएम से उनके क्षेत्र में बाढ़ बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी ली और आगामी प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जिले में बरसाती पानी का अधिकतर भराव खेतों में है। उन्होंने सिंचाई विभाग, नगर निगम व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां पर बरसाती पानी खड़ा है उन्हें पंप सैट के द्वारा जल्द से जल्द निकाला जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो।




यमुनानगर। अधिकारियों की बैठक लेते जिला उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता रवि शंकर मित्तल ने जिले में बाढ़ बचाव के प्रबंधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिंचाई विभाग ने हर स्थिति पर नजर बनाए रखी है। उनके द्वारा मांग के अनुसार पानी की निकासी के लिए पंप सैट भेजे जा रहे है। उन्होंने यह भी बताया कि जहां पर कटाव हो रहा है वहां पर रात दिन काम चल रहा है। स्थिति नियंत्रण में है और लगातार हथनी कुंड बैराज पर पानी भी कम हो रहा है। उपायुक्त ने बिजली बोर्ड के अधीक्षक अभियंता को निर्देश दिए कि बरसात के मौसम में बिजली की व्यवस्था सुदृढ हों। कहीं पर तारें ढीली न हों। पानी के कारण कोई बिजली का खम्बा न गिरें, इसका विशेष ध्यान रखे।

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, अंडर ट्रेंनिंग आईएएस सुमन यादव, स्पेशल ऑफिसर सेनिटेशन अनिल कुमार यादव, एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# जिला उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

- सिंचाई विभाग के अधिकारियों को भूमि कटाव से बचाव के लिए उचित प्रबंध करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिले में बाढ़ के कारण के यमुना नदी के किनारे हो रहे भूमि कटाव को लेकर गांव टापू कमालपुर व पोबारी का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को यमुना नदी के पानी से हो रहे भूमि कटाव के बचाव के लिए उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बताया कि दो दिन पहले यमुना नदी में तीन लाख क्यूसेक से ऊपर पानी आ गया था। अब पानी धीरे-धीरे कम हो गया है। अब यमुना नदी में करीब डेढ़ लाख क्यूसेक पानी चल रहा है। उपायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वह यमुना नदी, नहरों व अन्य नदियों के किनारे पर न जाएं और अपना बचाव करें।

उन्होंने बताया कि जिला के सभी गांवों में जिला प्रशासन द्वारा मुनियादी कराई जा रही है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वे नदियों के किनारे न जाए और किसी भी तरह का जोखिम न उठाएं। इस दौरान उपायुक्त ने लोगों से बातचीत कर उन्हें हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।



यमुनानगर। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते जिला उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि भारी बारिश के चलते जिला में विशेष पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था पर पुलिस की नजर है। कहीं भी किसी भी तरह की दिक्कत नहीं है। संबंधित चौंकी इंचार्ज व एसएचओ को निर्देश दिए गए है कि 24 घंटे सातों दिन एरिया में नजर रखें कहीं भी कोई दिक्कत है तो संबंधित विभाग को इसकी सूचना दें। पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए तैनात की गई है।

इस अवसर पर जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, रादौर के एसडीएम नरेंद्र कुमार, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता रवि शंकर मित्तल व जिला राजस्व अधिकारी तरूण सहोता आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। गांव सांगीपुर स्थित ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे गणेश पूजा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## भगवान श्री गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की

**यमुनानगर।** श्री गणेश उत्सव के अवसर पर बुधवार को ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा भगवान श्री गणेश के दर्शन कर पूजा अर्चना की गई। स्कूल की प्रधानाचार्य रितु सिंगला ने कहा कि भगवान श्री गणेश विघ्नहर्ता हैं। किसी भी पूजा की शुरुआत हमेशा उन्हीं के स्मरण से होती है। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि बच्चों को बचपन से ही धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि गणपति जी बुद्धि और विवेक के देवता हैं। यदि जीवन में सफलता, सुख और समृद्धि चाहिए तो सबसे पहले गणपति का आशीर्वाद आवश्यक है। गणेश उत्सव जैसे आयोजन न सिर्फ भक्ति का प्रतीक हैं बल्कि बच्चों को संस्कार सिखाने का अवसर भी प्रदान करते हैं। ऐसे अवसर बच्चों के मन में यह संदेश छोड़ते हैं कि जीवन में हर शुरुआत सकारात्मक सोच और आस्था से करनी चाहिए। हमारा प्रयास है कि विद्यार्थी न केवल शिक्षा में बल्कि संस्कार और संस्कृति से भी जुड़े रहें।

# डीएवी गर्ल्स कॉलेज में नवसत्र के उपलक्ष्य में हुआ हवन-यज्ञ

- छात्राओं ने स्टाफ सदस्यों के साथ हवन यज्ञ में डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को नवसत्र के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ में पूर्णाहुति डालवाई। मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी नरेश अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल व प्रवीन कुमार अग्रवाल उपस्थित हुए। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री ने कहा कि पौराणिक शास्त्रों के मुताबिक किसी भी अच्छे कार्य की शुरुआत हवन यज्ञ से की जाती है। उसी परंपरा का निवर्हन करते हुए कॉलेज में छात्राओं की सुख समृद्धि, उज्ज्वल भविष्य के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया है। यज्ञ की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि यज्ञ अत्यंत पवित्र कार्य है। यज्ञ की आहूतियां राष्ट एवं मानव विकास के लिए होती है।



यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित हवन यज्ञ में आहुति डालती छात्राएं व अन्य। फोटो : हरिभूमि

इस यज्ञ की अग्नि की लौ की तरह महाविद्यालय व उसमें शिक्षा ग्रहण कर रही छात्राएं निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर हो। उन्होंने ईश्वर की स्तुति, प्रार्थना व उपासना मंत्र का अर्थ समझाया। इस दौरान उन्होंने बाढ ग्रस्त लोगों की मंगल कामना के लिए सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र व महामृत्युंजय मंत्र का जाप भी करवाया। मौके पर योग विभागाध्यक्ष डॉ. रंजना, डॉ. स्मृति शर्मा आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। रादौर में आयोजित बैठक में भाग लेते शैलर एसोसिएशन के सदस्य।

## अजेश गोयल सर्वसम्मति से चौथी बार बने शैलर एसोसिएशन के प्रधान

**रादौर।** शैलर एसोसिएशन की बैठक रादौर की अनाजमंडी में आयोजित हुई। इस दौरान एसोसिएशन के प्रधान की नियुक्ति की गई और आगामी धान सीजन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से अजेश गोयल को लगातार चौथी बार एसोसिएशन का प्रधान नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रधान अजेश गोयल को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान ने अपनी नियुक्ति के लिए संगठन के सदस्यों का हार्दिक आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अशोक आहूजा, वैभव अग्रवाल, प्रदीप चौधरी, अशोक मेहता, सुभाष कांबोज, गौतम आहूजा, आयुष गुप्ता व जितेंद्र गोयल आदि उपस्थित रहे।

# स्टाफ सदस्यों ने गुरु नानक खालसा कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य का किया स्वागत

- प्राचार्य ने संस्थान के सभी सदस्यों के साथ मिलकर कॉलेज को ऊंचाइयों तक ले जाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज ने बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. अरविंद्र सिंह भल्ला का स्वागत किया गया। इस दौरान प्राचार्य ने संस्थान के सभी सदस्यों के साथ मिलकर कॉलेज को ऊंचाइयों तक ले जाने का आश्वासन दिया।

इससे पहले प्राचार्य ने कॉलेज गुरुद्वारा साहिब में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। कॉलेज के उपाध्यक्ष सरदार मेजर राजिंदर सिंह भट्टी ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि एक दूरदर्शी नेता न केवल अनुभव लाता है बल्कि प्रेरणा और प्रगति की शक्ति भी साथ लाता है।



यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में नव नियुक्त प्राचार्य का स्वागत करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा हमें विश्वास है कि डॉ.अरविंद्र सिंह भल्ला के मार्गदर्शन में कॉलेज शैक्षणिक उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करेगा और अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएगा।

मौके पर प्रबंधक समिति के सदस्य सरदार बलवंत सिंह बंगा, महासचिव सरदार अमरदीप सिंह, वित्त सचिव व गुरप सीईओ डॉ. पीर जीएन सुहैल, डॉ. कमलप्रीत कौर, डॉ. प्रतिमा शर्मा, डॉ. अमित जोशी और डॉ. कुमार गौरव आदि मौजूद थे।

# अपनी दिनचर्या से हटकर करें कुछ रचनात्मक कार्य : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

- ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में सेमिनार का आयोजन

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में बुधवार को करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें नोयडा से आए छात्र डेस्टीनेसन डॉट कॉम के संस्थापक मोहन तिवारी ने मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होकर विद्यार्थियों व अभिभावकों को करियर अवसर के बारे में विस्तार से बताया।

स्कूल की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने सेमिनार का उद्देश्य बताते हुए कहा कि वर्तमान युग में बच्चों के लिए अवसरों की भरमार है। जिनके बारे में बच्चों व अभिभावकों को ज्ञान नहीं है तो बच्चों व अभिभावकों को उन्हीं अवसरों के साथ-साथ उन तक पहुँचने तक के मार्गदर्शन के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य वक्ता का स्वागत किया। मुख्य वक्ता करियर काउंसलर व मोटिवेशनल स्पीकर मोहन तिवारी ने कहा कि सबसे पहले तो हर बच्चे को रूचि एवं योग्यता के आधार पर जीवन के लक्ष्य का चयन करना चाहिए। उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उस रास्ते का पता होना चाहिए जो हमें उस लक्ष्य तक लेकर जाता है और हर प्रकार की जानकारी हमें उसके बारे में हासिल कर लेनी चाहिए। उन्होंने बच्चों व अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रतिदिन हमें अपनी दिनचर्या से हटकर भी कुछ रचनात्मक कार्य करने चाहिए। जिससे न केवल हमारे मस्तिष्क का विकास हो सके, बल्कि हमारे लिए नए अवसर भी उपलब्ध हो सकें। बच्चों ने भविष्य से संबंधित अपनी जिज्ञासा के आधार पर अनेक सवाल भी पूछे जिसका मुख्य वक्ता ने बखूबी जवाब देकर बच्चों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। उन्होंने हर विषय से संबंधित अवसरों, परीक्षा व संस्थानों के बारे में बहुत विस्तार से सभी को अवगत करवाया। स्कूल प्रबंधक समिति की ओर से मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।




यमुनानगर। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते मुख्यवक्ता। फोटो : हरिभूमि

**बैठक** नगर निगम के स्पेशल ऑफिसर ने संचालकों की बैठक लेकर दिए निर्देश

# स्वच्छता संबंधित नियमों का पालन न करने पर होटल रेस्टोरेंट, ढाबा व पैलेस संचालकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम के स्पेशल ऑफिसर अनिल कुमार यादव व अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने शहर के विभिन्न होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा व मैरिज पैलेस संचालकों की बैठक ली। इस दौरान सभी को स्वच्छता संबंधित सभी नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नियमों का पालन न करने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई।

स्पेशल ऑफिसर अनिल यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के हर शहर को स्वच्छ व साफ बनाने के लिए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान 25 नवंबर तक निरंतर चलाया जाएगा। स्वच्छता अभियान को कामयाब बनाने के लिए हर शहरवासी की भागीदारी जरूरी है। इसलिए सभी होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट व मैरिज पैलेस संचालक भी इसमें अपना सहयोग दें। खाना खिलाने, शादी समारोह, जन्मदिन समारोह व अन्य आयोजनों में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। कचरे का निस्तारण करें। गीले कचरे से खाद तैयार करें। अपने संस्थान में स्वच्छता संबंधित नियमों का पालन करें। खुले में गंदगी न फैलाएं। अपने संस्थान से निकलने वाले कचरे को सड़क किनारे न डालकर निगम के वाहन में डाले। 50 किलोग्राम से अधिक कचरा निकलने पर स्वयं उसका निपटान करें।



यमुनानगर। निगम कार्यालय में होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज पैलेस व ढाबा संचालकों की बैठक लेते स्पेशल ऑफिसर अनिल कुमार यादव। फोटो : हरिभूमि

अपने संस्थान, दुकान के आगे सामान रखकर अतिक्रमण न करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष सफाई अभियान, अतिक्रमण हटाओ अभियान, सड़कों के डिवाइडर को सुंदर बनाने व हर नाले व नाली की सफाई व अन्य व्यवस्थाएं होगी। जिससे शहर की सूरत बदलेगी। पहले लोगों व दुकानदारों को समझाया जाएगा। फिर कार्रवाई की जाएगी। खुले में गंदगी फैलाने वालों व सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों का सामान जब्त करने के साथ चालान किया जाएगा। उन्होंने सभी को निर्देश देते हुए कहा कि वह अपने संस्थान के शौचालयों, प्रांगण व अन्य स्थानों की सफाई कराए। पार्किंग व्यवस्था बेहतर बनाए। कार्यालय आने वाले सभी नागरिकों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करें।

# निबंध प्रतियोगिता में गुरमीत ने हासिल किया प्रथम स्थान

- राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छछरौली में निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छछरौली में छुआछूत की कुरीति को समाप्त करने के उद्देश्य से डिबेट एंड सेमीनार स्कीम के तहत निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा नई पीढ़ी को समानता एवं भाईचारे के मूल्यों से जोड़ना था।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में कुल 40 प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं निबंध प्रतियोगिता में 25 छात्रों ने भागीदारी की। निबंध प्रतियोगिता में गुरमीत ने प्रथम, जसकरण ने द्वितीय तथा नरगिस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में तमन्ना प्रथम, भूमिका द्वितीय और सिमरन तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को प्रोत्साहित करने के लिए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



यमुनानगर। राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छछरौली में आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

मौके पर तहसील कल्याण अधिकारी व्यासपुर इनाम मोहम्मद, सहायक मनीष कुमार, प्रधानाचार्या ऊषा रानी, प्राध्यापक राजेंद्र अत्री, पूनम, नीरू, अभिषेक व सुमन गुप्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



## छात्रों ने नेत्रदान करने का लिया संकल्प : अनीता

**कुरुक्षेत्र।** लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल की नेतृत्व रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनीता गोयल ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने नेत्रदान करने का संकल्प लिया है। छात्रों ने कहा कि उनकी मृत्यु के बाद उनकी आंखें दान कर दी जाएं। उन्होंने बताया कि दूसरे लोगों को भी इसके प्रति जागरूक किया जाएगा। नेत्रदान से बड़ा कोई दान नहीं है। स्वास्थ्य विभाग पूरे देश में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मना रहा है। इसी के तहत जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। नेत्रदान से दृष्टिहीन लोगों को रोशनी मिलेगी।

## कुवि ने घोषित किए 35 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 35 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि मई 2025 में आयोजित बी.एससी. (प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग टेक्नोलॉजी) छठा सेमेस्टर (नया), जर्मन भाषा में डिप्लोमा (प्रवीणता), एम.एससी. (प्रिंटिंग ग्राफिक्स एवं पैकेजिंग टेक्नोलॉजी) चौथा सेमेस्टर, समाज कार्य में स्नातकोत्तर (द्वितीय सेमेस्टर), एम.एससी. बायो-टेक (चौथा सेमेस्टर), एम.एससी. (फोरेंसिक साइंस) चौथा सेमेस्टर (एनईपी) सीबीसीएस, एमपीए दसवाँ सेमेस्टर, बीएचएमसीटी आठवाँ सेमेस्टर (फ्रेश + री अपीयर) नॉन-सीबीसीएस आदि परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए है।

### बारिश से जगह-जगह जलभराव, आमजन को झेलनी पड़ी परेशानी

# दुकानों और घरों में घुसा पानी, जनजीवन अस्त-व्यस्त

### बारिश के कारण 13 मकानों की छतों का नुकसान



**कुरुक्षेत्र।** झांसा रोड पर सड़क पर जमा बरसात का पानी।



**कुरुक्षेत्र।** सेक्टर 17 में एलआईसी रोड पर जमा बरसात का पानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मंगलवार रात्रि से लेकर बुधवार सुबह तक जारी मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। भारी बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव हो गया, जिससे दुकानों से लेकर घरों तक पानी घुस गया। लोग घुटने तक पानी में चलते रहे और भारी परेशानी झेलनी पड़ी। भारी बारिश के चलते निजी स्कूल संचालकों ने भी अपने-अपने स्कूलों में बुधवार को अवकाश कर दिया। वहीं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र कैंपस में घरों में पानी भरने से कुवि प्रशासन ने भी बुधवार को कर्मचारियों की छुट्टी घोषित कर दी।

### सड़कों पर जूझते दिखे लोग

बारिश से शहर भर की सड़कों पर पानी भर गया। सड़कों पर निकले लोग पूरे दिन इस समस्या से जूझते रहे। बारिश के कारण सड़कों पर पानी भरने से जहां आम जनजीवन परेशान रहा तो वहीं दूसरी ओर नगर में प्रवाहित होने वाले नाले पानी से लबालब हो गए। इससे नालों का गंदा पानी सड़कों पर पसर गया। इस कारण लोगों को आवागमन में भारी दुश्वारियां का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण नगर के विभिन्न मार्ग जलमग्न हो गए। बारिश के कारण शीला नगर, राजेंद्रा नगर कुटिया वाली गली, बिरला मंदिर वाला मार्ग, झांसा रोड, पैनोरमा के नजदीक सहित कई निचले इलाकों में बारिश का पानी जमा हो गया। हालांकि जलभराव की खबर मिलते ही नगर परिषद प्रशासन हरकत में आया और नगर परिषद के सफाई कर्मचारी बरसाती पानी की निकासी के काम में जुट गए। सफाई कर्मियों ने शहर के विभिन्न इलाकों से बरसात का पानी बाहर निकाला। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा के निर्देश पर उनके निजी सचिव राजू सेठी ने महाराणा प्रताप चौक के समीप कॉलोनी, गीता धाम के पीछे स्थित कॉलोनी में मौके पर जाकर नगर परिषद के सफाई कर्मियों की मदद से पानी निकलवाया। वही थर्ड गेट पर स्थित दुकानों के अंदर बरसात का पानी घुस जाने से दुकान के अंदर रखा सामान खराब हो गया।

### *कश्यप चौपाल में बच्चों के साथ बिताई रात*

*उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व विभाग की रिपोर्ट के अनुसार कुरुक्षेत्र जिले में 13 मकानों या कमरों की छत गिरी है। इसमें गांव आलमपुर, भैंसी माजरा, जोगना खेड़ा, खानपुर रोडान, नरकातारी, अढोनी में बरसात के कारण छतों को नुकसान हुआ है। इस मामले को लेकर राजस्व विभाग गंभीरता के साथ नुकसान का आंकलन भी कर रहा है। वहीं बरसात के कारण गांव दयालपुर में सरला देवी पत्नी स्वर्गीय कुलदीप सिंह के मकान की छत गिर गई। तेज बरसात के चलते सरला देवी ने गांव की कश्यप चौपाल में बच्चों के साथ रात बिताई।*

### पंप से निकाला जा रहा पानी : विश्राम कुमार मीणा

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मारकंडा के खतरे के निशान से ऊपर पानी निकलने से कुछ क्षेत्र की आबादी में आए पानी को पंप के माध्यम से निकाला जा रहा है। इसके साथ ही प्रशासन ने पानी बढने पर आबादी को सुरक्षित स्थानों पर सिफ्ट करने की प्लानिंग भी तय कर दी है। उन्होंने कहा कि शाहाबाद क्षेत्र में लगाई गई एसडीआरएफ टीम को बॉट के साथ तैनात किया है, ताकि जरुरत पडने पर बिना किसी देरी के प्रयोग किया जा सके। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला प्रशासन ने सीनियर अधिकारियों को फिल्ड में उतारा हुआ है, जो तय क्षेत्रों की निर्धारित समय अवधी में रिपोर्ट कर रहे हैं। उसी रिपोर्ट के आधार पर प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आबादी के क्षेत्र में पानी ज्यादा होने पर लोगों को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा।

### 248 पशुओं का जांचा स्वास्थ्य

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सघन पशुधन विकास परियोजना की टीमों ने जलभराव की स्थिति से प्रभावित 8 गांवों के 248 पशुओं का स्वास्थ्य जांचा और उनके स्वास्थ्य को देखते हुए दवाइयां भी वितरित की गई। जलभराव से प्रभावित प्रत्येक गांव में ऐसे शिविरों का लगातार आयोजन किया जाएगा, ताकि पशुओं का स्वास्थ्य बना रहे। पशुपालकों को पशुओं की वैक्सीनेशन, पेट के कीड़ों की दवाई तथा पशुओं के इलाज से संबंधित अन्य दवाइयां उपलब्ध कराई गई।

## जल प्रभावित क्षेत्रों में आमजन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं प्रशासनिक अधिकारी : उपायुक्त

*डीसी विश्राम कुमार मीणा और एसपी नीतीश अग्रवाल ने तंगौर कठवा, कलसाना, बाजीगर कालोनी प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** ग्रामीणों से बातचीत करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि लगातार भारी बारिश और पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले पानी के कारण मारकंडा के जरिए शाहबाद और पिहोवा के 20 से ज्यादा गांव प्रभावित हुए है। इन प्रभावित क्षेत्रों के आम नागरिकों के साथ प्रशासनिक अधिकारी कंधा से कंधा मिलाकर खड़े है। इन क्षेत्रों पर नजर रखने और लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की 24 घंटे के लिए ड्यूटी लगाई है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा व पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बुधवार को जल प्रभावित क्षेत्रो का निरीक्षण कर लोगों की समस्याओं को सुना। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने सबसे पहले शाहबाद मारकंडा की बाजीगर बस्ती, तंगौर,कठवा, लाडवा व अन्य प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया, लोगों से बातचीत की और आश्वासन दिया कि लोगों का हर संभव सहयोग किया जाएगा और लोगों को भी प्रशासन की तरफ से पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में पशुपालन विभाग की तरफ से चारा और दवाईयां गांव-गांव जाकर दी जा रही है,बकायदा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, इसी तरह स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच चुकी है।

### 145 लोगों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि एसडीआरएफ व उपमंडल प्रशासन के सहयोग से शाहबाद मारकंडा के पास पट्टी झाम्बडा बाजीगर कॉलोनी से अब तक 145 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है। इसमें से 130 लोगों को पहले निकाला जा चुका है और बुधवार को 25 लोगों को निकाला गया है। इस बस्ती में रहने वाले सभी लोगों से अनुरोध किया जा रहा है कि प्रशासन उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाएगा और भोजन की व्यवस्था भी करेगा। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि जल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन की तरफ से पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है और 112 नंबर पर कॉल आते ही लोगों को तुरंत मदद पहुंचाई जाएगी। इसके अलावा एसडीआरएफ की टीम भी नियुक्त की गई है जो लोगों की सहायता करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस आपदा के समय सभी को भाईचारे की भावना बनाकर रखनी चाहिए और सभी मिलकर इस आपदा का सामना करेंगे। इस मौके पर एडीसी महावीर प्रसाद, एसडीएम डा. चिनार चहल, डीएसपी रामकुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### बिल और बच्चों की फीस को लेकर दिए निर्देश

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा व पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के समक्ष गांव तंगौर के नागरिकों और सरपंच सचिन ने मांग रखी कि जल प्रभाव से तंगौर ही नहीं आस-पास के गांव प्रभावित है, ऐसे में लोगों को नुकसान होने के साथ-साथ गांव से बाहर जाने में परेशानी आ रही है। ऐसी स्थिति में बिजली विभाग के अधिकारियों और निजी स्कूलों के संचालकों को बच्चों की फीस के लिए तंग ना करने की बात रखी। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सितंबर माह तक बिल भरने के लिए राहत दी जाए। इसके साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल संचालकों से बात कर फीस भरने के लिए राहत दे।

## शरीर स्वस्थ रहेगा तभी समाज और देश के लिए उपयोगी बन सकते हैं : जैन

- श्रद्धेय बाबा श्रीचंद जी के जन्मोत्सव पर लगाया चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रद्धेय बाबा श्रीचंद जी के जन्मोत्सव पर निःशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर गुरुद्वारा बाबे दुःख भंजन साहिब, गाँव लोहारा में डी.आर. जैन मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में डॉ.हिमांशु जैन ने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन की सबसे बड़ी संपत्ति है। यदि शरीर स्वस्थ रहेगा तभी हम अपने परिवार, समाज और देश के लिए उपयोगी बन सकते हैं। इस शिविर का उद्देश्य केवल उपचार देना नहीं, बल्कि लोगों को यह जागरूक करना है कि समय पर जांच, नियमित दिनचर्या और सही जीवनशैली अपनाकर अधिकांश बीमारियों से बचाव संभव है। बीमारी का इंतजार करने के बजाय हमें पहले से ही अपने स्वास्थ्य की देखभाल करनी चाहिए।



**कुरुक्षेत्र।** शिविर में मौजूद चिकित्सक।

### *114 रोगियों का किया चेकअप*

*डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में 2027वां निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 114 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। इस अवसर पर बाबा सुखदेव सिंह समाजसेवी ने डॉ हिमांशु जैन ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन, डॉ संजय शर्मा, डॉ प्रीती, डॉ सिमरन आनन्द का अभिनन्दन व स्वागत करते हुए कहा कि सेवा और स्वास्थ्य का संगम ही समाज को मजबूत बनाता है। जब गाँव-गाँव तक निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएँ पहुँचेंगी, तभी हर घर में खुशहाली और हर जीवन में ऊर्जा आएगी। यह शिविर केवल इलाज का माध्यम नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन की नई सोच का प्रारंभ है। कार्यक्रम को सफल बनाने में बनाने में रघुबीर सिंह, जसपाल सिंह,मोनिका कोऑर्डिनेटर, अंजू, बाछल, कविता, कुलदीप, हरदीप सिंह, प्रदीप सिंह, गुरदेव सिंह, सुरेंदर सिंह इत्यादि ने सराहनीय योगदान दिया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित हुए और इस पहल की सराहना की। उपस्थित लोगों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने और सही जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिली है।*



**लाडवा।** आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री की धर्म पत्नी श्रीमती सुमन सैनी।

### राक्षी नदी पर स्थायी समाधान के लिए किया जा रहा ट्रफ कार्य व रास्ते का निर्माण : सैनी

**लाडवा।** हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि राक्षी नदी पर स्थाई समाधान के लिए 13.28 करोड़ की लागत से ट्रफ कार्य व रास्ता निर्माण किया जा रहा रहा है। ये कार्य पूरा होने के बाद फसलों व आबादी को होने वाला नुकसान रुक जाएगा। साथ ही बाबैन रोड से पिपली रोड से आवाजाही भी आसान होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा के लोगों की बड़ी मांग को पूरा करते हुए राक्षी नदी पर ट्रफ कार्य व रास्ता निर्माण के लिए 13.28 करोड़ रुपए की राशि को मंजूरी की हुई है। जलभराव की स्थति सामान्य होते हुए बचे हुए काम को भी पूरा रकवाया जाएगा। उपाध्यक्ष सुमन सैनी बुधवार को राक्षी नदी में ज्यादा पानी से बनी लाडवा में बनी जलभराव की स्थिति को जानने के लिए पहुंची। उन्होंने मौके पर स्थाई लोगों से बातचीत और स्थिति का जायजा लिया। उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने नगर पालिका के अधिकारिकों को कहा कि वो शहर के नालों की सफाई करें और साथ ही किसी वाहन को लगाकर उसमें कचरे को डालें। इसके अलावा उपमंडल अधिकारी को राक्षी नदी पर जरुरत के अनुसार प्रबंध करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, एसडीएम पंकज सेतिया, डीएसपी रोहताश कुमार, मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी, नगर पालिका चेयरपर्सन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

- लाडवा के नागरिकों की सुरक्षा सीएम का प्राथमिक कर्तव्य : सुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल विकास परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि लाडवा के नागरिकों की सुरक्षा और हिफाजत करना मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का प्राथमिक कर्तव्य है। ऐसे में किसी भी नागरिक को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं रहने दी जाएगी। हर व्यक्ति के सहयोग के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार काम कर रहे है। उपाध्यक्ष सुमन सैनी बुधवार को लाडवा के वार्ड नंबर 15 में मकान की कच्ची छत गिरने से पीड़ित परिवार के सदस्यों से मिली और उनकी समस्याओं को जाना। उपाध्यक्ष ने उनकी समस्या के समाधान के लिए आश्वासन देते हुए कहा कि बरसात का मौसम ठीक होते ही सबसे पहले सरकार की तरफ से हर संभव मदद पीड़ित परिवार को तक पहुंचाई जाएगी, जिससे वह अपने मकान को ठीक कर सकें।



**लाडवा।** पीड़ति परिवार का हाल-चाल जानने पहुंची मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमति सुमन सैनी व उपस्थित चेयरपर्सन साक्षी खुराना व पीड़ित परिवार।

### *स्थिति की रोजाना रिपोर्ट ली जा रही*

*सुमन सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा प्रत्येक स्थान की स्थिति के बारे में रोजाना रिपोर्ट ली जा रही है, जो समस्याएं सरकार तक पहुंच रही है। उनका समाधान किया जा रहा है और जो समस्याएं बड़ी हैं, उनका स्थाई समाधान करने के लिए योजनाएं तैयार की जा रही है। लाडवा विधानसभा में करोड़ों रुपए के विकास कार्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे हैं, जिनके पूरा होने के बाद लोगों को समस्याएं नाममात्र ही बचेंगी। मुख्यमंत्री लगातार समस्याओं का समाधान करने के लिए काम कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, एसडीएम पंकज सेतिया, डीएसपी रोहताश कुमार, मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी, नगर पालिका चेयरपर्सन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, पूनम सैनी, मोनिका गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।*



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद सदस्यगण।

## पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला हमेशा तैयार

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरूक्षेत्र की आपातकालीन मीटिंग संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण श्योकंद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र जल्दी ही पंजाब में बाढ़ पीड़ति लोगों के लिए अनाज, खाने पीने की वस्तुएं, दवाई, चादरे, मच्छरदानी व तरपाल आदि जरूरी सामग्री बाढ़ पीड़ति क्षेत्रों में पहुंचाएंगी। बैठक में संस्था की पूरी कार्यकारिणी मौजूद रही व सभी ने एक सुर में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए डॉ कृष्ण श्योकन्द नें कहा कि आज पंजाब बाढ़ के कारण जिस हालात से गुजर रहा है, उसमें हमारा छोटे भाई होने व इंसानियत के नाते फर्ज बनता है कि हम वहां बाढ़ पीड़ति की तत्काल मदद करें। उन्होंने बताया कि वहां के लोगों से संपर्क करके जिस जिस चीज की भी आवश्यकता होगी, यह संस्था पूरी तैयारी के साथ व गंभीरता से सारा सामान तत्काल प्रभाव से अमृतसर व उसके आसपास के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र में पहुंचाएंगी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला यहां आने जाने वाले पंजाब के लोगों के लिए बिल्कुल तैयार है। उन्होंने पंजाब के लोगों को आह्वान किया है कि जब भी उन्होंने यहां आना हो, तो संस्था आपका स्वागत करने के लिए हमेशा तैयार मिलेगी। मीडिया कोऑर्डिनेटर गुरदीप तंवर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला व सारी कार्यकारिणी सामाजिक कामों के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं।

कार्यक्रम

### आज निकाली जाएगी वामन भगवान की शोभा यात्रा, सायंकाल को होगा ठाकुर जी का नौकाविहार

आचार्य नरेश के नेतृत्व में वेदपाठी ब्राह्मणों ने वेदमंत्रोच्चाण के साथ दोनो कार्य सम्पन्न करवाए

# तीर्थ पूजन, यज्ञ व वामन पुराण कथा के साथ दो दिवसीय वामन द्वादशी मेल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा द्वारा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड तथा प्रमुख संस्थाओं के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय वामन द्वादशी मेले का शुभारंभ सन्निहित तीर्थ पूजन तथा यज्ञ में पूणार्हुति के साथ हुआ। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने तीर्थ पूजन किया तथा यज्ञ में पूर्ण आहुति डाली। आचार्य नरेश के नेतृत्व में वेदपाठी ब्राह्मणों ने वेदमंत्रोच्चाण के साथ दोनो कार्य सम्पन्न करवाए। इसी के साथ साथ वामन पुराण की कथा का शुंभारंभ हुआ। कथा के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक तथा मुख्य यजमान दानवीर सेठ सुनील गोयल वामन पुराण को शिरोधार्य करके व्यासपीठ तक ले गए और दीप प्रज्जवलित करके कथा का शुभारंभ किया। प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य शुकदेव ने व्यास पीठ से वामन पुराण की अमृत वर्षा की। मेट्रो अस्पताल की ओर से निःशुल्क मेडिकल चेकअप शिविर लगाया गया जिसमें डॉक्टर राजू, प्रबंध निदेशक राजीव तथा मैनेजर ओमवीर की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।



**कुरुक्षेत्र।** शुभारंभ अवसर पर मौजूद अतिथिगण।

### *इन्हें किया सम्मानित*

*इस अवसर पर वामन द्वादशी मेला आयोजन समिति के संयोजक जयनारायण शर्मा, श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के प्रधान यशेंद्र शर्मा, प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान एवं पूर्व पार्षद नीतिन भारद्वाज लाली ने मुख्यातिथि विनोद कौशिक व उपेंद्र सिंघल, मुख्य यजमान सेठ सुनील गोयल, केडीबी सदस्य अशोक रोशा, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य डा. रामराज कौशिक तथा पार्षद प्रिंस को वामन भगवान का चित्र व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य यजमान ने 21000 रूपए सभा को सहयोग स्वरूप भेंट किए। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा ने किया।*

### सुभाष सुधा तथा उपायुक्त दिखाएंगे हरी झंडी

4 सितंबर को दोपहर दो बजे दुखभंजन महादेव मंदिर से श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा द्वारा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड तथा नगर की प्रमुख संस्थाओं के सहयोग से वामन भगवान की शोभा यात्रा गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, महंत बंसीपुरी के सानिध्य में आयोजित होगी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा तथा उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा इस शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगें। यह शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी। सिकरी चौक में थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा अपने समर्थकों सहित शोभा यात्रा का स्वागत कर वामन भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करेंगें। सांय काल को साढे पांच बजे शोभा यात्रा सन्निहित सरोवर पर पहुंचेगी जहां वामन भगवान को नौकाविहार करवाया जाएगा।

### शोभायात्रा का यह रहेगा रूट

मेला संयोजक जय नारायण शर्मा तथा सभा के प्रधान यशेंद्र शर्मा ने बताया कि यह शोभायात्रा दुखभंजन मंदिर से चलकर रेलवे रोड, आर्य समाज मार्केट, आंबेडकर चौक, आहलुवालिया चौक, पालिका बाजार, सीकरी चौक, नया बाजार, कच्चा घेर से वापस होती हुई, आंबेडकर चौक से गुजरकर गुरुद्वारा छठी पातशाही चौक से होती हुई वापस सायं छह बजे सन्निहित सरोवर पर पहुंचेगी जहां शानदार आतिशबाजी होगी वामन भगवान का सन्निहित सरोवर में नौका विहार करवाया जाएगा और आरती होगी। नगर में विभिन्न स्थानों पर सहयोगी संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा द्वारा फूल बरसाकर स्वागत किया जाएगा और शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था होगी।

खबर संक्षेप

## राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर 2025 को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया की लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है, इस कड़ी में 13 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

## धर्मशाला में शरण लें लोग: उपायुक्त

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने भारी वर्षा के चलते आमजन से अपील की है कि लगातार वर्षा होने के कारण व पहाड़ी क्षेत्रों से वर्षा का पानी आने के कारण घग्गर, टांगरी व मारंकडा नदी का जल स्तर बढता जा रहा है। उन्होनें अपील की कि जो भी लोग नदियों के किनारे रह रहे है वे वहां से निकलकर सुरक्षित जगह पर आश्रय लें। जिला प्रशासन द्वारा धर्मशालाओं की व्यवस्था की गई है, वे वहां पर आश्रय ले सकते है।

## किसान दस तक करवाएं फसल पंजीकरण

**अंबाला।** उप निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग जसविंद्र सैनी ने सभी किसानों को सूचित है कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल को हरियाणा सरकार के द्वारा फसल का पंजीकरण करवाने हेतू 10 सितंबर 2025 तक पुनः खोल दिया गया है। किसान अपनी फसल का किसी कारणवश पोर्टल पर पंजीकरण, नहीं करवा सके वह दिनांक 10 सितंबर तक फसल का पंजीकरण करवा सकते है।

## उत्सव की तरह मनाएं बेटियों का जन्मदिन

**अंबाला।** सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में घटते लिंगानुपात को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे बालिकाओं के जन्म को उत्सव की तरह मनाएं। उन्हें जीवन तथा शिक्षा का समान अधिकार दें। स्वास्थ्य विभाग यह अपील करता है कि समाज में बालिका के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना समय की आवश्यकता है। भ्रूण लिंग जांच कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाओं को जड़ से समाप्त करने के लिए सभी को जागरूक होना होगा।

## इग्नू ने 15 सितंबर तक बढ़ाई दाखिलों की तिथि

**जींद।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्म पाल बताया की इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन और ओडीएल माध्यम से दाखिले की अंतिम तिथि को 31 अगस्त से बढ़ा कर अब 15 सितंबर कर दिया है। यह निर्णय उन छात्रों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिन्हें मेरिट या अन्य कारणों के चलते पूर्व में दाखिला नहीं मिल सका था।

## छात्राओं को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया

जींद। राजकीय महिला कालेज के प्रांगण में अंग्रेजी विभाग और इतिहास विभाग के तत्वावधान में नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य नरेंद्र कुमार ने की। रोविन ने नेत्रदान के महत्व के बारे में छात्राओं को जागरूक किया। कहा कि नेत्र दान जैसे महान कार्य से वे जरूरतमंद व्यक्ति को आंखों की रोशनी प्रदान कर उसे भी इस संसार को देखने का मौका प्रदान कर सकते हैं।

## युवती ने जहरीला पदार्थ की आत्महत्या

**पूंडरी।** पूंडरी थाना के तहत आने वाले एक गांव में 29 वर्षीय युवती ने जहरीला पदार्थ आत्महत्या कर ली। युवती के परिजनों ने एक युवक और उसकी बहन पर मजबूर करने का आरोप लगाया है। इस मामले में पूंडरी थाना ने परिजनों की शिकायत पर दोनों के खिलाफ आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। पूंडरी थाने में दी गई शिकायत में युवती के भाई ने बताया कि उसकी बहन पूंडरी क्षेत्र के एक गर्ल कॉलेज में पढ़ती थी।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग डेढ़ से दो फीट तक पानी

# मूसलाधार बरसात से सड़कें बनीं समंदर, हाइवे पर भी भारी जलभराव, आमजन को भारी दिक्कत




कस्बे में जलभराव का दृश्य व मुआयना करती एसडीएम

1. मुख्य बाजार में भी दुकानों और घरों में पानी घुसा बारिश का पानी
2. बस स्टैंड वाले मार्ग से वाहनों की आवाजाही बंद करवाकर अन्य मार्ग से वाहनों को भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

मूसलादार बरसात के चलते बुधवार को कस्बे की ज्यादातर सड़कें नदी में तब्दील हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी बरसाती पानी जमा हो गया। भारी बरसात के चलते सड़कों पर जमा हुए पानी के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बरसात बंद होने के बाद पानी की सड़क से काफी हद तक निकासी हो गई परंतु राष्ट्रीय राजमार्ग 72 अंबाला शहजादपुर- नारायणगढ़ मार्ग से पानी की निकासी नहीं हो पाई। बारिश के कारण कस्बा में हर जहां तरफ पानी ही पानी, कीचड़ व गन्दगी का आलम बन गया। गंदा पानी की निकासी के लिए बने नाले भी गंदगी से भरे होने के कारण उनका पानी मुख्य सड़कों व मुख्य बाजार में जमा हो गया। हालात यह हो गए कि जहां राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगभग डेढ़ से दो फीट तक पानी देखने को मिला वहीं मुख्य बाजार में भी लगभग दो फीट पानी जमा हो गया। इस कारण मुख्य सड़कों पर आने जाने वाले वाहनों चालकों को परेशानी हुई। मुख्य बाजार के भी हालात बाद से भी बदत्तर नजर आए। ज्यादा बरसात के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कुछ दुकानों में पानी घुस गया। मुख्य बाजार में भी दुकानों और घरों में पानी घुस गया। बार बार पुलिस और एसडीएम को गुहार लगाने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बस स्टैंड वाले मार्ग से वाहनों की आवाजाही बंद करवाकर अन्य मार्ग से वाहनों को भेजा गया। मुख्य बाजार में छोटे बड़े वाहन बदस्तूर चलते रहे। यहां पर दुकानदारों मुख्य बाजार में जगह जगह रास्ता बंद कर वाहन चालकों को रोका,परंतु फिर वाहन चालक वाहन लेकर मुख्य बाजार में आने लगे रहे। दोपहर बरसात बंद होने के बाद भी लगभग तीन घंटे बाद बाजार से पानी निकला। बरसात में शिव कालोनी,बस स्टैंड क्षेत्र, राजपुताना मार्ग,बाजार में स्थित गंदे व बरसाती पानी के लिए बने मुख्य बड़े नाले के साथ लगता क्षेत्र सहित वार्ड नंबर एक चंद्रभान वाली गली सभी जलमग्न हो गई थी। लोगों अभी डर सता रहा है कि अगर रात में दोबारा बरसात आ गई।

स्कूल की चारदीवारी गिरने से बड़ा हादसा टला

## भारी बरसात से एनएच 344 पर यातायात बाधित, चालक परेशान



**अंबाला।** दोसड़का में जलमग्न नेशनल हाइवे। *फोटो : हरिभूमि*

**मुलाना।** देर रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश आफत बनकर बरसी है। क्षेत्र में लगभग सभी जगह जलभराव हो गया । लगातार हुई बारिश से दोसड़का में नेशनल हाईवे 344 सहित दोनों तरफ की सर्विस लेन तक जलमग्न हो गई । जलभराव इतना था कि सर्विस लेन से तो गुजरना ही मुश्किल हो गया था । हालांकि लोग नेशनल हाईवे के फ्लाइओवर के आगे एकत्रित दो तीन फीट से गुजरते रहे । सर्विस लेन पर स्थित दुकानों के आगे कई फीट पानी होने के कारण दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोसड़का में कई कॉलोनियां भी जलमग्न है। जहां लोगों के घरों तक पानी मार कर रहा है । हाइवे की एक साइड पर जलभराव: नेशनल हाइवे 344 पर कालपी फ्लाईओवर से आगे भारी जलभराव देखने को मिला । यह जलभराव भारी बारिश और बेगना नदी में उफान के कारण हुआ । जलभराव की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने कालपी फ्लाईओवर के नीचे से ब्राम्हण माजरा गांव के कट तक यातायात एहतियातन बंद करना पड़ा । हालांकि दूसरी तरफ से दोनों तरफ का ट्रैफिक जारी रहा । साढ़ौरा- दोसड़का रोड़ पर डुलियानी गांव से आगे काफी जलभराव जलभराव देखने को मिला। लोगों ने बताया कि ऐसा जलभराव उन्होंने 2023 में देखा था । मार्ग से यातायात तो जारी था लेकिन जलभराव से वाहन चालक परेशान नजर आए । एमएम यूनिवर्सिटी जा रहे मार्ग पर तो कई दिनों से जलभराव था । मंगलवार देर रात हुई भारी बारिश के चलते बुधवार को एमएम यूनिवर्सिटी में भी जलभराव हो गया । यूनिवर्सिटी के पार्क व अस्पताल जाने के रास्ते सहित अन्य जगह काफी पानी एकत्रित हो गया । छात्र पानी के बीच से जाते नजर आए। भारी बारिश और नदियों के उफान से क्षेत्र में सैंकडो एकड़ फसलें जलमग्न हो गई है। खेतों में चारो ओर पानी ही पानी देखने को मिल रहा है। किसानों की धान की फसल सहित अन्य फसलों को काफी नुकसान हुआ है। कई दिनों से लगातार खेतो में खड़े पानी से फसलों को भारी नुकसान है। क्षेत्र में सरदेहड़ी, जफरपुर, अल्यासपुर, शेरपुर, सुलखनी,सैहला, हेमामाजरा, ब्राह्मण माजरा, टमनौली, गोली, गोली, नोहनी, टंगैल सहित अन्य गांवों में फसलों को काफी नुकसान की संभावना है।

## पानी की निकासी के तमाम दावे पानी में ही डूबे



**अंबाला।** डीसी ऑफिस के बाहर जमा पानी के बीच खड़े वकील।

- बरसाती पानी में डूबे शहर को लेकर कांग्रेसी नेता रोहित जैन ने अफसरों पर व्यंग्य किए

**अंबाला।** पूरा शहर तो बरसात के पानी में डूब गया, पर अफसर तो चुल्लू भर पानी में डूब गए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने बरसाती पानी में डूबे शहर को लेकर प्रशासनिक अफसरों पर तीखा वार किया। उन्होंने कहा कि बरसाती पानी की निकासी के तमाम दावे फिर पानी में ही डूब गए। जिस अफसर पर पूरे जिले की जिम्मेदारी है उसका ऑफिस ही पानी में डूब गया। ऐसे में जनता का भला कैसे हो पाएगा यह समझ से परे हैं। उन्होंने सहयोगियों के साथ डीसी ऑफिस के बाहर जमा पानी में खड़े होकर जनता को इस सच्चाई से अवगत करवाया। जैन का आरोप है कि अफसर जनता को डूबोने में जुटे हैं। अगर बरसाती सीजन से पहले पानी निकासी के ठोस बंदोबस्त किए होते तो शायद को जनता को खून के आंसू नहीं रोने पड़ते। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों से हो रही बरसात की वजह से अंबाला शहर की तमाम कॉलोनियां व बाजार पानी में डूब गए। खासकर होलसेल कपड़ा मार्केट के कारोबारियों को अफसरों की इस लापरवाही से भारी नुकसान झेलना पड़ा।

**कई कॉलोनियों का किया मुआयना :** भरी बरसात के बीच प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट एडवोकेट रोहित जैन ने बुधवार को अंबाला शहर की कई कॉलोनियों के साथ बाजारों का भी दौरा किया।

## तेज बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त जलभराव से स्कूलों में छुट्टी, बाजार रहे बंद



**बराड़ा।** बरसाती पानी से लबालब पुलिस चौकी।

- लगने वाला साप्ताहिक बुध बाजार भी नहीं लग सका।

**बराड़ा।** क्षेत्र में निरंतर 12 घंटे से हो रही बरसात ने पूरे नगर को जलमग्न कर दिया। भारी बारिश से नगर के मुख्य क्षेत्रों में पानी भर गया। जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। नगरपालिका , बीडीओ ऑफिस, पुलिस चौकी, मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एसएमएस स्कूल व कॉलेज सहित नगर के प्रमुख बाजार पानी में डूब गए। हालात इतने बिगड़े कि लोगों को आवागमन तक में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।पुलिस चौकी भी पानी से भर गई। चौकी परिसर में खड़ी गाड़ियां आधी डूब गई। पुलिस कर्मियों को अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज़ बचाने के लिए उन्हें बैंचों और ऊँचे स्थानों पर रखना पड़ा। चौकी के कर्मचारियों को लगातार पानी में खड़े रहकर ड्यूटी निभानी पड़ी।

**दुकानें रही बंद:-**बाज़ारों में पानी भर जाने से सभी दुकानें बंद रहीं। प्रत्येक बुधवार को लगने वाला साप्ताहिक बुध बाज़ार भी नहीं लग सका। यह बाज़ार न केवल बराड़ा बल्कि यमुनानगर, सहारनपुर, सरसावा और आसपास के अन्य शहरों से आने वाले दुकानदारों और ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होता है। इस सप्ताह बाज़ार न लगने से सैकड़ों दुकानदारों की रोजी-रोटी प्रभावित हुई और स्थानीय लोगों को भी सस्ती दरों पर सामान नहीं मिल सका।बारिश का असर शिक्षा संस्थानों पर भी पड़ा। मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एसएमएस स्कूल और कॉलेज सहित कई शिक्षण संस्थानों में पानी घुसने के कारण स्कूल-कॉलेज बंद रखने पड़े। विद्यार्थियों और अभिभावकों को सुबह से ही परेशानियों का सामना करना पड़ा।स्थानीय लोगों ने बताया कि बराड़ा में हर साल बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या विकराल रूप ले लेती है। नालियों की सफाई न होना और उचित जल निकासी की व्यवस्था न होने से थोड़ी देर की बारिश भी परेशानी का सबब बन जाती है। इस बार लगातार 12 घंटे की बारिश ने हालात और बिगाड़ दिए। नगरवासी प्रशासन से कई बार पक्की जल निकासी व्यवस्था की मांग कर चुके हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

**दिनचर्या पर पड़ा बुरा असर:-** आमजन का कहना है कि इस तरह की स्थिति में न केवल सरकारी कामकाज ठप हो जाता है, बल्कि बच्चों, कामकाजी लोगों और दिहाड़ीदार मजदूरों की दिनचर्या पर भी बुरा असर पड़ता है। कई गाड़ियाँ पानी में बंद हो गईं और सड़कों पर आवागमन लगभग ठप रहा।कुल मिलाकर बुधवार की बारिश ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बराड़ा को मज़बूत जल निकासी व्यवस्था की सख़्त ज़रूरत है। जब तक प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाएगा, तब तक बरसात का मौसम नगरवासियों के लिए मुसीबत बनकर ही आता रहेगा।



**बराड़ा।** नगरपालिका और बीडीओ ऑफिस में जलभराव का दृश्य।

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने ऐतिहासिक वामन द्वादशी मेले में की हिस्सेदारी, पंजाबी गायक कुलविंद्र बिल्ला ने जमाया रंग

## राजा बलि का अंहकार खत्म करने के लिए धरती पर आए थे भगवान वामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




**अंबाला।** भगवान वामन का आशीर्वाद लेते विस स्पीकर हरविंद्र कल्याण व पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल। हिंडोलों को लेकर मंडी की ओर रवाना होते व मत्था टेकते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

ऐतिहासिक भगवान वामन द्वादशी मेले के शुभारंभ के साथ ही अंबाला शहर में उत्सव का माहौल बन गया। बेशक बरसात मेले में व्यवधान बन रही है लेकिन फिर भी लोगों का उत्साह मेले को लेकर चरम पर दिख रहा है। उत्तर भारत के प्रसिद्ध वामन द्वादशी मेले की प्रथम संध्या पर विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण पहुंचे। यहां उनकी अगुवाई पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा ने दीप प्रज्वलित करके की। इससे पहले मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने भगवान वामन का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने की। इस मौके पर सनातन धर्म सभा के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि व पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, पंजाबी सुप्रसिद्ध गायक कुलविंद्र सिंह बिल्ला व रविंद्र शर्मा को स्मृति चिह्न व शाल भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन भी किया। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि इस ऐतिहासिक मेले में उन्हें आने का अवसर मिला है जिसके लिए मैं अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आना था लेकिन अचानक एक आवश्यक बैठक आने के चलते वह नहीं आ सके। उन्होंने मेला आयोजकों को मेले के सफलतापूर्वक आयोजन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान वामन ने राजा बलि का अंहकार खत्म करने के लिए जन्म लिया था। यह मेला पिछले 125 वर्षों से मनाने का काम किया जा रहा है। इसका इतिहास 300 साल पुराना हैं।

### पंजाबी गीतों से लूटी वाहवाही

इस मौके पर पंजाबी सुप्रसिद्ध गायक कुलविंद्र बिल्ला ने पंजाबी गीतों की प्रस्तुतियों से सभी को आनंदित किया। उन्होंने इस मौके मित्रों मरू-मरू क्यू करना, मेरा काले रंग दा यार व अन्य प्रस्तुतियां दी जिसकी सभी लोगों ने तालियां बजाकर सराहना की। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष सैक्टर 7 स्थित श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल के घर पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर नरेश अग्रवाल ने विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर एसडीएम दर्शन कुमार, सह मेला आयोजक अरविंद लक्की, सचिव मुकेश जिंदल, कोषाध्यक्ष कुलभूषण गोयल, मनोज गोयल, रितेश गोयल, संजीव गोयल टोनी, अनुभव अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अमन सूद, गुरविंद्र सिंह मानकपुर, मनीष आनंद मन्नी, रोहित गुप्ता, विनोद बंसल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**निरीक्षण** अधिकारियों को दिए निर्देश, सड़क किनारे सभी प्रकार के अतिक्रमण तीन दिन के भीतर हटाए जाएं

# स्वच्छता अभियान-2025 : पीएमडीए सीईओ ने किया पंचकूला शहर का निरीक्षण

- शहर की सभी सड़कों, पार्कों, मार्केट पार्किंग स्थलों और औद्योगिक क्षेत्रों में सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था और बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था की जाए सुनिश्चित : के मकरंद पांडुरंग
- पॉलीथिन के उपयोग को प्रबंधित कर कपड़े के थैलों के उपयोग को दिया जाए बढ़ावा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राज्य को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से आरंभ किए गए हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत आज पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के. मकरंद पांडुरंग, ने पंचकूला शहर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शहर की ढांचागत व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क किनारे सभी प्रकार के अतिक्रमण 3 दिन के भीतर हटाए जाएं।पांडुरंग ने रेड बिशप चौक, शहीद संदीप सांकला चौक, माजरी चौक, बस स्टैंड, अग्रसेन चौक, अमेरटेक्स, लेबर चौक सहित प्रमुख सड़कों, पार्कों और मार्केट पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहीद संदीप सांकला चौक पर बागवानी विभाग के अधिकारियों को पेड़ों की छंटाई करने के निर्देश दिए। वहीं, पुलिस अधीक्षक को ट्रैफिक सुचारू रखने के लिए माजरी चौक पर रेड लाइट लगाने की संभावनाएं तलाशने तथा स्लिप/सर्विस रोड को चौड़ा करने के निर्देश भी दिए।

पॉलिथिन के उपयोग को प्रबंधित कर कपड़े के थैलों के उपयोग को दिया जाए बढ़ावा

सीईओ ने सेक्टर-11 और 14 की पार्किंग में कचरा मिलने पर नगर निगम अधिकारियों को तुरंत सफाई करने के निर्देश दिए। श्री के मकरंद पांडुरंग ने कहा कि सभी सेक्टरों की पार्किंग की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

### सड़क की विशेष मरम्मत करने के निर्देश

सीईओ के मकरंद पांडुरंग ने औद्योगिक क्षेत्र से चंडीगढ़ सीमा तक की सड़क का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से गड्ढे भरने और विशेष मरम्मत करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने अवगत कराया कि चंडीगढ़ सीमा के पास सड़क संकरी होने से पीक ऑवर में जाम लगता है। इस पर उन्होंने एचएसआईआईडीसी अधिकारियों को सड़क चौड़ीकरण और उपयुक्त समाधान निकालने के निर्देश दिए। इसके बाद अधिकारियों ने सेक्टर-16 एवं 17 मार्ग का निरीक्षण किया। यहां नागरिकों ने एचएसवीपी के खाली वाणिज्यिक प्लॉटों में उगी झाड़ियों की शिकायत की, जिस पर सीईओ ने तीन दिन में झाड़ियां हटाने के आदेश दिए गए। लेबर चौक की तुरंत मरम्मत और डिवाइडिंग ग्रिलों में खाली जगहों को भरने के भी निर्देश दिए ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। सीईओ ने निरझर वाटिका पार्क और आम बाग़ (मैंगो गार्डन) पार्क का भी दौरा किया तथा पीएमडीए के मुख्य अभियंता को उचित सफाई, लाइटिंग व्यवस्था और घास की कटाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। के मकरंद पांडुरंग ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए "स्वच्छता अभियान" को सफल बनाने के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज निरीक्षण के दौरान बताए गए सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा आगामी सप्ताह में की जाएगी। इस दौरान पंचकूला की अतिरिक्त उपायुक्त निशा यादव, डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता, पीएमडीए के अतिरिक्त सीईओ विनय कुमार, नगर निगम पंचकूला संयुक्त आयुक्त गौरव चौहान, पीएमडीए के संयुक्त सीईओ भारत भूषण, पीएमडीए के चीफ इंजीनियर, नगर निगम के एक्सईएन और एक्सईएन एचएसआईआईडीसी मौजूद रहे।

### तुरंत सफाई करने के निर्देश

औद्योगिक क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान सीईओ ने एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को वर्षा जल निकासी लाइनों और रोड-गलियों की तुरंत सफाई करने के निर्देश दिए, जिससे बारिश में जलभराव न हो। साथ ही, पीएमडीए को हस्तांतरित हुई ग्रीन बेल्ट्स के विकास हेतु अनुमान तैयार करने और मुख्य सड़कों के दोनों ओर उगी झाड़ियों को हटाने का के भी निर्देश दिए। टूटी हुई रोड-गलियों पर असंतोष जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को इन्हें उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र रिपेयर करने के निर्देश दिए।